## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 04.12.2025 को पूर्वान्ह 11.30 बजे सम्पन्न 35वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय**<br>मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 एस0के0 सिंह**<br>मा0 कुलपति, राजस्थान प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>रावतभाटा, रोड़, कोटा, राजस्थान | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **श्रीमती सेल्वा कुमारी जे0**<br>महानिदेशक / सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन,<br>(अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **प्रो0 एस0पी0 चौरसिया**<br>एम0एन0आई0टी0,<br>जयपुर | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **श्री नवनीत घिडिया**<br>एम0डी0 ईवा एक्जोटिका प्राईवेट लिमिटेड,<br>कोलकता | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **प्रो0 योगेश एम0 जोशी**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0<br>कानपुर | सदस्य |
| 11. | **श्री पवन कुमार**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | **डा0 सुशील बाबू**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |
| 13. | **श्री एस0के0 कटियार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 14. | **प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक**<br>अधिष्ठाता–शैक्षिक कियाकलाप | विशेष आमंत्री |
| 15. | **प्रो0 राजेश वर्मा**<br>अधिष्ठाता–शोध एवं विकास | विशेष आमंत्री |
| 16. | **श्री अमित कुमार राठौर**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **निदेशक**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा बैठक में ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों का बैठक में स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त कार्यपरिषद की विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 15/09/2025 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से मा0 सदस्यों को अवगत कराने के क्रम में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय का सप्तम दीक्षान्त समारोह दिनांक 19/09/2025 को सम्पन्न हुआ, जिसमें 1015 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि श्री अरविन्दर सिंह साहनी, अध्यक्ष, इण्डियन आयल कारपोरेशन थे। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता मा0 कुलाधिपति एवं राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा की गई तथा कार्य परिषद के मा0 सदस्य श्री नरेन्द्र भूषण, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा, श्री अजीज अहमद, विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा, श्री सुशील बाबू, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल एवं श्री यादवेन्द्र सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इन्टरनेशनल लि0 ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय कार्यों में Digitization को बढावा देते हुये विश्वविद्यालय द्वारा अपना ई0आर0पी0, समर्थ पोर्टल, Consultancy हेतु ई–परामर्श तथा ई–आफिस का प्रयोग किया जा रहा है। अभी हाल में ही विश्वविद्यालय द्वारा ई–वेस्ट की नीलामी जेम पोर्टल के माध्यम से सम्पन्न की गई है जिसका बिड में निर्धारित आरक्षित मूल्य 3.85 लाख था किन्तु 15.49 लाख मूल्य प्राप्त हुआ। विश्वविद्यालय से ई–वेस्ट को सम्बन्धित वेण्डर द्वारा उठा लिया गया है। नान ई–वेस्ट की नीलामी हेतु भी प्रकिया की

गई थी किन्तु जेम पोर्टल की तकनीकी खामी से बिड प्रक्रिया नहीं हो सकी थी जिसकी प्रक्रिया पुनः की जा रही है। शैक्षिक सत्र 2025–26 में सेवायोजन हेतु विश्वविद्यालय में अद्यतन 45 कम्पनियॉ आयी हैं जिनके द्वारा 175 छात्रों को प्लेसमेन्ट दिया गया है। विश्वविद्यालय के गणित, सी0एस0ई0, केमिकल इंजी0, केमिस्ट्री विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा फैकल्टी/स्टूडेन्स डेवलपमेन्ट प्रोग्राम कराये गये हैं। इसके अलावा लगभग सभी विभागों द्वारा फण्डिंग एजेंसी को रिसर्च प्रोजेक्ट भेजे जा रहे हैं एवं रिसर्च पेपर्स का जर्नल्स में प्रकाशन तथा पेटेंट फाइल किए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के पेन्ट विभाग, PACT (Paint & Coating Association) एवं ISSPA (Indian Small Scale paint Association) द्वारा संयुक्त रूप से पेन्ट मेनूफैक्चरर्स हेतु "फार्मूलेशन एण्ड मेनुफैक्चरिंग आफ वाटर एण्ड साल्वेन्ट बेस्ट पेन्ट" कार्यक्रम कर ट्रेनिंग प्रदान की गई, जिसमें राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र एवं उ0प्र0 के 21 स्माल स्केल पेन्ट निर्माताओं ने प्रतिभाग किया तथा बायोकेमिकल इंजी0 विभाग ने "Sustainable Development of Waste to Biogas/Biomethane: A Strategy for waste valorisation and Circular Bioeconomy Implantation" विषय पर 04 दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया। जिसमें देश–भर से आए 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसी क्रम में डा0 रेड्डी के अधिकारियों/इंजीनियर्स को In-Situ प्रशिक्षण हेतु केमिकल इंजी0 विभाग द्वारा MoU साइन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की सी0एस0ई0, मैकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स, प्लास्टिक एवं फूड विधा के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के एक्रीडिटेशन हेतु एन0बी0ए0 की Expert Team का भ्रमण शीघ्र ही प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के बायोकेमिकल, आयल और पेन्ट विधा के बी0टेक0 पाठ्यक्रम द्वारा एन0बी0ए0 एक्रीडिटेशन हेतु अपना Pre-qualifier एन0बी0ए0 को प्रेषित कर दिया गया है तथा Self Assesment Report पूर्ण करने की प्रकिया प्रगति पर है। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के प्रयोगार्थ 01 बस का क्रय किया गया है तथा 01 बुलेरो वाहन का विश्वविद्यालय के प्रयोगार्थ क्रय किया जा चुका है, उक्त वाहनों की सम्बन्धित विभाग में पंजीयन कार्यवाही की जा रही है। विश्वविद्यालय के एस0ओ0ई0एम0 तथा सी0एस0ई0 विभागों में छात्रों के प्रयोगार्थ कक्षाओं तथा बैडमिन्टन हाल का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं चिकित्सालय विस्तार का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में रखरखाव का कार्य भी सम्पादित किया जा रहा है। वर्तमान शैक्षिक सत्र में छात्रों को छात्रावास आवंटन में हुई कमी के परिलक्षित हुआ कि छात्रों हेतु 01 अदद एवं छात्राओं हेतु 01 अदद छात्रावास का निर्माण आवश्यक है इसके दृष्टिगत् विश्वविद्यालय स्तर से 100 सीटेड

छात्रावास निर्माण हेतु प्रस्ताव भवन समिति एवं वित्त समिति से अनुमोदनोपरान्त आज सम्बन्धित कार्यवृत्त कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इसके साथ ही अवगत कराना है कि छात्रों हेतु 01 अदद एवं छात्राओं हेतु 01 अदद, कुल 02 छात्रावासों के निर्माण हेतु शासन द्वारा धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। अगले शैक्षिक सत्र से B.Tech. in CSE with AI/ML का नया प्रोग्राम शुरू किये जाने हेतु विद्या परिषद के अनुमोदनोपरान्त आज कार्य परिषद के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में रिक्त 26 शैक्षिक पदों एवं 03 प्रशासनिक पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन दे दिया गया है। जिसकी लिखित परीक्षा 04 जनवरी, 2026 को निर्धारित है एवं चयन प्रकिया जनवरी, 2026 तक पूर्ण कर ली जायेगी। विश्वविद्यालय में चल रहे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों हेतु अध्यापकों की गणना हेतु एक समिति का गठन किया गया है, जो राज्य सरकार के शासनादेशों के अनुसार अध्यापकों एंव अन्य कर्मचारियों की गणना करेगी। जिसे कार्य परिषद की अगली बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या के उपरान्त 35वीं बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 35.01 :** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्यपरिषद की दिनांक 15.09.2025 को सम्पन्न 34वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

दिनांक 15.09.2025 को सम्पन्न कार्य परिषद की 34वीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 सदस्यों की टीकाओं हेतु प्रेषित किया गया था। प्रेषित कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य की टीका प्राप्त नहीं हुयी थी।

अतः, कार्यपरिषद द्वारा 34वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 35.02 :** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्यपरिषद की दिनांक 15.09.2025 को सम्पन्न 34वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 15.09.2025 को सम्पन्न कार्य परिषद की 34वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतुष्टि व्यक्त की गयी।

**मद सं0 35.03** **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 19.11.2025 को सम्पन्न 30वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 19.11.2025 को सम्पन्न 30वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 35.04** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 26/11/2025 को सम्पन्न 26वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 26.11.2025 को सम्पन्न 26वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 35.05** **विश्वविद्यालय की शोध एवं विकास परिषद की दिनांक अगस्त 23, 2025 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की शोध एवं विकास परिषद की दिनांक 23.08.2025 को सम्पन्न द्वितीय बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 35.06** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद में शैक्षणिक श्रेष्ठता प्राप्त 05 व्यक्तियों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 30 (1) (ञ) में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप विश्वविद्यालय विद्या परिषद में शैक्षणिक श्रेष्ठता प्राप्त निम्नोक्त 05 व्यक्तियों को 03 वर्ष हेतु नामित किया गयाः

1. प्रो0 नीरज सिन्हा, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, आई0आई0टी0, कानपुर।
2. प्रो0 के0के0 पन्त, केमिकल इंजी0 विभाग, आई0आई0टी0, दिल्ली। (वर्तमान निदेशक, आई0आई0टी0, रूडकी)
3. प्रो0 नरेश कुमार नागवानी, कम्प्यूटर सांइस इंजी0 विभाग, एन0आई0टी0, रायपुर।
4. प्रो0 बी0के0 कनौजिया, स्कूल आफ कम्प्यूटेशनल एण्ड एन्टरग्रेटिव सांइसेज, जे0एन0यू0 (वर्तमान निदेशक, एन0आई0टी0, जालंधर)
5. प्रो0 राजेश्वरी पाण्डेय, इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग, दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी, दिल्ली।

**मद सं0 35.07** **विश्वविद्यालय के रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों तथा परीक्षा नियंत्रक पद पर चयन हेतु किये गये विज्ञापन पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा आचार्य के 10 पद, सह आचार्य के 10 पद, सहायक आचार्य के 06 पद तथा कम्प्यूटर प्रोग्रामर–01 पद, चिकित्साधिकारी का 01 पद एवं परीक्षा नियंत्रक के 01 पद हेतु निर्गत विज्ञापन फाइल संख्या HBTU/Estt/01/2025 दिनांक 15/10/2025 का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरान्त उपरोक्त पदों हेतु निर्गत विज्ञापन पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया तथा चयन की अग्रेत्तर कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने पर भी अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 35.08** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के नवनियुक्त शिक्षकों/प्रशासनिक पदों के स्थाईकरण सम्बन्धी प्रकरणों पर विचार।**

कार्य परिषद के सम्मुख प्रस्तुत शिक्षकों/प्रशासनिक पदों के स्थाईकरण प्रस्ताव पर कार्यपरिषद द्वारा विचार व्यक्त किये गये कि संबंधित शिक्षकों की मानव सम्पदा पोर्टल पर आलोच्य अवधि की वार्षिक गोपनीय आख्याओं की कार्यवाही पूर्ण न होने एवं मानव सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध वर्तमान गोपनीय आख्या प्रारूप में शिक्षकों की शिक्षण एवं शोध दक्षता निर्धारण/जॉचने संबंधी कॉलम न होने के कारण संबंधित शिक्षकों से विगत दो वर्षो की ए0सी0आर0 भौतिक रूप से प्राप्त कर तद्नुसार स्थायी करण प्रस्ताव कार्य परिषद की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।

**मद सं0 35.09** **विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक एवं प्रशासनिक पदों हेतु विशेषज्ञों के नामों के पैनल पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षिक/प्रशासनिक पदों तथा चिकित्साधिकारी के एक पद हेतु स्क्रीनिंग समितियों तथा गठित होने वाली चयन समितियों के साथ–साथ कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत प्रोन्नति हेतु गठित होने वाली समितियों के लिए विषय विशेषज्ञों की सूची दिनांक 26/11/2025 को सम्पन्न विद्या परिषद की 26वीं बैठक के मद संख्या 26.15 के अन्तर्गत संस्तुत होकर प्राप्त हुयी है।

कार्यपरिषद द्वारा उक्त विशेषज्ञ सूची में नाम परिवर्तन अथवा विशेषज्ञ संख्या में वृद्धि करते हुए तथा अन्य पिछडा वर्ग तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्यों की सूची तैयार कर मा0 कुलाधिपति महोदय को प्रस्तुत किये जाने हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद/कुलपति को अधिकृत किया गया।

उपरोक्त के साथ ही कार्य परिषद द्वारा परीक्षा नियंत्रक के रिक्त एवं विज्ञापित पद पर चयन हेतु मा0 कुलाधिपति महोदया को प्रेषित किये जाने वाले विशेषज्ञ पैनल पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया तथा विश्वविद्यालय के अन्य आचार्यो के चयन हेतु गठित होने वाली चयन समितियों के समान ही परीक्षा नियंत्रक के पद हेतु चयन समिति गठित किये जाने पर भी अनुमोदन प्रदान करते हुए चयन की अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद/कुलपति को अधिकृत किया गया।

**मद सं0 35.10** **विश्वविद्यालय के शिक्षकों के रिक्त पदों हेतु तैयार रोस्टर में टंकण त्रुटि सुधार के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय में सृजित शिक्षकों के 131 पदों के तैयार रोस्टर रिपोर्ट में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए कमांक 22 और 23 पर टंकण–त्रुटि के फलस्वरूप प्रोफेसर राजेश

कटियार, जिन्हें सहायक आचार्य, अन्य पिछडा वर्ग हेतु आरक्षित पद पर नियुक्त किया गया था, और प्रोफेसर एस.के. गुप्ता, जिन्हें सहायक आचार्य, अनारक्षित श्रेणी के पद पर नियुक्त किया गया था, की नियुक्ति की तिथि की एंट्री बदल गयी थी, का संज्ञान लिया गया।

कार्य परिषद द्वारा उपरोक्त रोस्टर में त्रुटिसुधार करते हुए प्रोफेसर राजेश कटियार द्वारा धारित पद को सहायक आचार्य, अन्य पिछडा वर्ग पद के अन्तर्गत कमांक नंबर 23 पर और प्रोफेसर एस.के. गुप्ता द्वारा सहायक आचार्य अनारक्षित श्रेणी के धारित पद को कमांक 22 पर किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा त्रुटिसुधार करते हुए विज्ञापन निर्गमन की कृत कार्यवाही पर भी अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 35.11 मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 35.11.01 विभिन्न पदो के वर्गीकरण हेतु कार्मिक अनुभाग–1 द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप संख्या 15/140/81/का–1–2012 दिनांक 14 मई, 2012 को विश्वविद्यालय में अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद के सम्मुख प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग के पत्र संख्या 1/507591/2024/16–1099/5/2024 दिनांक 29/02/2024 के कम में प्रदेश के अन्य प्राविधिक विश्वविद्यालयों से शासनादेश अंगीकृत करने संबंधी सूचना प्राप्त कर समग्र प्रस्ताव उ0प्र0 शासन को निर्णय हेतु प्रेषित कर दिया जाए।

**मद सं0 35.11.02 विश्वविद्यालय में चल रहे स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों हेतु मानक निर्धारण हेतु उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 75/2025/1066/सत्तर–4–2025–70–4099/63/2025 दिनांक 09 अक्टूबर, 2025 को अंगीकृत किये जाने पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के सुचारू संचालन हेतु मार्गदर्शन एवं दिशा–निर्देश संबंधी शासनादेश संख्या 75/2025/1066/सत्तर–4–2025–70–4099/63/2025 दिनांक 09 अक्टूबर, 2025 को विश्वविद्यालय में अंगीकृत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक के अन्त में, प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में प्रो0 मनोज कुमार, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की

योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में भौतिकी विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निम्नोक्त सुझाव प्रदान किया गया:

1. विभाग द्वारा चलाये जा रहे एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में छात्र प्रवेश वृद्धि हेतु आवश्यक उपाय किये जायें।
2. विभाग में शोध पत्रों के प्रकाशन में बढोत्तरी की आवश्यकता है।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

4/12/25

(अमित कुमार राठौर)
सदस्य–सचिव

**कार्यालय –कुलसचिव**
**हरकोर्टबटलरप्राविधिकविश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्या:1274/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–35वीं कार्यवृत्त/2025 दिनांक: 04/12/2025

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव